Speech by Ambassador H.E. Mr. Vinod K. Jacob in Hindi during the inauguration of Madhya Pradesh State Tourism & ODOP walls at the Consular hall of Embassy of India, Bahrain (11 Feb 2025)

उपस्थित मध्य प्रदेश समुदाय के प्रतिनिधि, Tour Operators और मीडियाकर्मी।
मुझे आज भारत के मध्य प्रदेश राज्य की ओ. डी. ओ. पी. और पर्यटन दीवारों का उद्घाटन करते हुए बहुत खुशी हो रही है।

मुझे उम्मीद है कि अगले दो महीनों में मध्य प्रदेश पर ध्यान केंद्रित करने से बहरीन में रहने वाले सभी भारतीय तथा उनके साथी इस राज्य की संस्कृति की सुंदरता की सराहना करेंगे और व्यावसायिक संबंधों के अवसरों की तलाश करेंगे।

पिछले लगभग एक वर्ष से अधिक समय से, मेरा दूतावास "Focus State / Union Territory" एक पहल चला रहा है, जिसमें हमने अब तक राजस्थान, कश्मीर, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश को कवर किया है।

इस बार मुझे खुशी है कि मध्य प्रदेश सरकार, दूतावास के साथ साझेदारी कर रही है। वे पहले ही यहां टूर ऑपरेटरों के साथ एक virtual conference आयोजित कर चुके हैं और आने वाले हफ्तों में familiarization tours की योजना बना रहे हैं जिसके तहत M.P. पर्यटन बोर्ड द्वारा घरेलू हवाई किराया और local hospitality प्रदान किया जाएगा। हम इसका विवरण जल्द ही अपलोड करेंगे और हम बहरीन से इसमें व्यापक भागीदारी की आशा करते हैं।

मुझे इस बात की भी खुशी है कि मध्य प्रदेश राज्य के भारतीय समुदाय के सदस्य भी आज इस उद्घाटन का हिस्सा हैं और राज्य को बढ़ावा देने के लिए अगले दो महीनों तक दूतावास के साथ साझेदारी करेंगे।

मैं अब आज के सांस्कृतिक प्रस्तुति का इंतजार कर रहा हूं.